कोटद्वार, रविवार
8 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 46 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पूर्णागिरि मार्ग पर बूम के पास टैक्सी पलटी, बरेली के छह यात्री घायल

चम्पावत। पूर्णागिरि मार्ग में बूम के पास एक टैक्सी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में छह यात्री घायल हो गए। एक घायल महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया। वाहन में दस लोग सवार थे। चार अन्य को हल्की चोट आई है। एक्सल टूटने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को टनकपुर–पूर्णागिरी मार्ग बूम के निकट पूर्णागिरि से श्रद्धालुओं को लेकर टनकपुर आ रही टैक्सी जीप संख्या यूके 05 टीए 0621 का एक्सल टूट गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घायल तीर्थ यात्रियों को उपचार के लिए टनकपुर उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जीप में सवार ग्राम मनुनागर बहेड़ी निवासी 35 वर्षीय प्रताप सिंह व उनकी 34 वर्षीय पत्नी कुसुम लता, 60 वर्षीय सुशीला देवी पत्नी करन सिंह निवासी खजनपुर नवाबगंज बरेली, 35 वर्षीय कांति पत्नी रामबहादुर नवाबगंज, 70 वर्षीय रामनाथ पुत्र राम प्रसाद नवाबगंज, 45 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी अवधेश निवासी सीतापुर घायल हो गए। डॉ. जितेंद्र जोशी ने बताया कि घायल कुसुम लता की कूल्हे की हड्डी फैक्चर है। जिसे उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। शेष पांच यात्रियों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी। जीप में दस तीर्थयात्री सवार थे। अन्य चार यात्रियों को मामूली चोट आई है।

### रुद्रपुर में युवक से दस लाख ठगने वाली लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार


रुद्रपुर। हाईकोर्ट का वकील बता एक युवक को झांसा देकर उससे फर्जी शादी करने और दस लाख रुपये की ठगी करने वाली आरोपी लुटेरी दुल्हन को पुलिस ने शुक्रवार को किच्छा रोड से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से धमकाकर वसूले गए 50 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी महिला को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वंसुधरा फेस 1 निवासी दीपक कक्कड़ पुत्र स्व.ओम प्रकाश कक्कड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके माता–पिता का देहांत हो चुका है और बहनों का विवाह हो चुका है। परिवार में वह अकेला है। कुछ माह पूर्व उन्होंने अपनी कृषि भूमि बेची है। दो मई को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक कॉल आया। कॉलर ने खुद को हाईकोर्ट नैनीताल की वकील अंकिता शर्मा बताया और गलती से कॉल लगने की बात कही। इसके बाद वह चैटिंग करने लगी। प्रेम का नाटक करते हुए बीती 27 मई को पिपलिया मन्दिर सकैनिया गदरपुर में फर्जी शादी की और उनके घर आकर रहने लगी। आरोप है कि पांच जून की शाम वह 30 लाख रुपये नहीं देने पर उसकी हत्या कर खुद आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। इस पर उन्होंने डरकर 112 नंबर पर पुलिस को कॉल किया और फिर अपने जीजा को कॉल कर घर बुलाया। इसके बाद पता चला कि वह हाईकोर्ट की वकील नहीं है और उसका सही नाम भीमनगर खरमासा कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी हिना रावत पुत्री बलवन्त सिंह रावत है। उसका मोबाइल चेक करने पर पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा है और अपने गिरोह के लोगों के साथ मिलकर लोगों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल करती है।

### तीन बच्चों को छोड़कर महिला लापता

विकासनगर। सेलाकुई थाना क्षेत्र में एक महिला अपने तीन बच्चों और पति को छोड़कर तीन माह से लापता है। पति की शिकायत के बाद पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर महिला की खोजबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि मूल रूप से बुलंद शहर और वर्तमान में सेलाकुई के बंजारागली में रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी है। बताया कि 13 फरवरी को उसकी पत्नी खाटू श्याम मंदिर के लिए निकली थी। उसके तीन नाबालिग बच्चे हैं। जब उनकी पत्नी निकली तो बच्चे स्कूल जा रखे थे। तब से लेकर आज तक वह वापस नहीं लौटी है। बताया कि उसके जाने से बच्चों की देखरेख में काफी दिक्कतें आ रही है। कुछ समय पूर्व तक उनकी फोन पर बातचीत होती थी। उसने जल्द घर लौटने का वायदा किया था, लेकिन बीते एक सप्ताह से उसका फोन बंद आ रहा है। जिससे वह काफी परेशान हैं।

## देहरादून में तीन नए मामले

# पिथौरागढ़ में नेपाली नागरिक मिला कोरोना पॉजिटिव



देहरादून। कोरोना का खतरा लगातार बना हुआ है। शनिवार को देहरादून जिले में कोरोना के तीन नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इन तीनों लोगों ने निजी लैब में अपनी जांच कराई थी। राहत की बात यह है कि किसी भी मरीज में गंभीर लक्षण नहीं हैं और सभी की हालत सामान्य है। अब तक जिले में कोरोना के कुल 33 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 25 देहरादून, एक हरिद्वार से हैं, जबकि सात मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं। फिलहाल जिले में नौ एक्टिव केस हैं। इनमें एक मरीज निजी अस्पताल में भर्ती है, जबकि आठ लोग होम आइसोलेशन में हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि फिलहाल संक्रमण के अधिकतर मामले हल्के हैं और घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है।थोड़ी सी लापरवाही बड़े खतरे को जन्म दे सकती है।

**पिथौरागढ़ में नेपाली नागरिक कोरोना पॉजिटिव मिला**

झूलाघाट के रास्ते अपने देश नेपाल जा रहा बंजाग जिला निवासी धन बहादुर जेठारा कोरोना पॉजिटिव मिला है। नेपाल में कोरोना की जांच हो रही है। झूलापुल से धन बहादुर जब नेपाल में प्रवेश किया तो वहां पर तैनात नेपाल स्वास्थ्य हेल्थडेस्क द्वारा कोविड की जांच की गई तो वह पॉजिटिव मिला। जिसे क्वारंटाइन कर दिया गया है। स्वास्थ्य हेल्प डेस्क के असिस्टेंट राजेंद्र राम ने बताया कि जेठारा से पूछने पर बताया कि वह पिथौरागढ़ में कार्य करने के बाद अपने घर लौट रहा है।

## आगामी 14 जून को होगी पासिंग आउट परेड, श्रीलंका सेना प्रमुख होंगे मुख्य अतिथि

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आइएमए) की पासिंग आउट परेड 14 जून को आयोजित की जाएगी। इस बार परेड में बतौर मुख्य अतिथि श्रीलंका के सेना प्रमुख जनरल लसांथा रोड्रिगो शिरकत करेंगे। उनके 13 जून को देहरादून पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले, दिसंबर 2024 में आयोजित पीओपी में नेपाल के सेना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।

पड़ोसी देशों के सैन्य प्रमुखों को आमंत्रित करने की यह परंपरा भारत की कूटनीतिक रणनीति का हिस्सा है। खासकर ऐसे समय में, जब हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सक्रियता और श्रीलंका में उसकी पकड़ को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। पासिंग आउट परेड को लेकर इन दिनों आइएमए परिसर में युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। कैडेट चेडवुड ड्रिल स्क्वायर पर रोजाना पसीना बहा रहे हैं।

# केदारनाथ में फिर हादसाः हेलिकॉप्टर की हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग, यात्री बाल–बाल बचे

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए उड़ान भरने वाले एक हेलिकॉप्टर को तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन स्थिति में सिरसी के पास हाईवे पर लैंड करना पड़ा। इस घटना में हेलिकॉप्टर में सवार सभी पांच तीर्थयात्री और पायलट सुरक्षित बच गए, लेकिन हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से (टेल रोटर) को नुकसान पहुंचा और हाईवे पर खड़े एक वाहन को भी टक्कर लगने से क्षति हुई। इस हादसे ने चारधाम यात्रा के दौरान हेलिकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।



हादसे का विवरणः जानकारी के अनुसार, केस्ट्रेल एविएशन कंपनी का यह हेलिकॉप्टर शनिवार सुबह बड़ासू (सिरसी) हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए उड़ान भर रहा था। उड़ान के कुछ ही समय बाद पायलट को हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी का संकेत मिला। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लिया। यह लैंडिंग फाटा–बड़ासू के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई। लैंडिंग के दौरान हेलिकॉप्टर का टेल रोटर क्षतिग्रस्त हो गया और हाईवे पर खड़ी एक कार को भी नुकसान पहुंचा। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में हेलिकॉप्टर को हाईवे पर खड़ा और उसके आसपास रिहायशी इमारतों को देखा जा सकता है, जो इस घटना की गंभीरता को दर्शाता है।हादसे में पायलट को मामूली चोटें आईं, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और उनकी स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें गंतव्य की ओर रवाना किया गया। स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और यात्रियों की सहायता की। यूसीएडीए और डीजीसीए की कार्रवाईः घटना की सूचना मिलते ही उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने तत्काल इसका संज्ञान लिया और मामले को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को रिपोर्ट किया। डीजीसीए ने हादसे की जांच शुरू कर दी है, जिसमें तकनीकी खराबी के कारणों की गहन पड़ताल की जा रही है। केदारनाथ हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि इस घटना से केदारनाथ मंदिर के लिए हेली शटल सेवा पर कोई असर नहीं पड़ा है, और हेलिकॉप्टर को हाईवे से हटाने के प्रयास जारी हैं।चारधाम यात्रा में बार–बार हादसेयह हादसा चारधाम यात्रा 2025 की शुरुआत के बाद से हेलिकॉप्टर से जुड़ा चौथा हादसा है, जिसने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। इससे पहले मई 2025 में केदारनाथ हेलीपैड के पास एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी, जिसमें एम्स ऋषिकेश के दो डॉक्टर और पायलट सुरक्षित बचे थे।

**चारधाम यात्रा की स्थिति**

चारधाम यात्रा 2025 की शुरुआत से ही भारी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री और बद्रीनाथ धाम पहुंच रहे हैं।सूत्रों के अनुसार इस वर्ष केदारनाथ में पिछले वर्ष की तुलना में 156% और यमुनोत्री में 127% अधिक तीर्थयात्री पहुंचे हैं। यात्रा के पहले 10 दिनों में 3.19 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। हालांकि, यात्रा के दौरान 80 से अधिक श्रद्धालुओं की मृत्यु की खबरें भी सामने आई हैं, जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग और बीमार यात्री शामिल हैं। यह हादसा भले ही बिना किसी बड़े नुकसान के समाप्त हो गया, लेकिन इसने एक बार फिर हेलिकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

# मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी स्थित कालू सिद्ध मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में की पूजा–अर्चना

नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हल्द्वानी स्थित कालू सिद्ध मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा–अर्चना की तथा मंदिर में छत्र चढ़ाकर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने नव निर्मित भव्य मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कालू सिद्ध मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।इस अवसार पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने किया नैनीताल जनपद की 126 करोड़ 69 लाख लागत की 27 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को लालकुआं, नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल जनपद की लगभग 126 करोड़ 69 लाख लागत की 27 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, सिंचाई, सीवरेज, नगर विकास, सौंदर्यीकरण और निराश्रित गौवंश संरक्षण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इस दौरान 25.93 करोड़ की लागत से 9 योजनाओं का लोकार्पण और 100.76 करोड़ की लागत से 18 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाएंगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे देशव्यापी विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज रक्षा, विज्ञान, खेल और अवसंरचना सहित प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। उन्होंने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न, धारा–370 की समाप्ति और कश्मीर में रेल ब्रिज के निर्माण का उल्लेख करते हुए देश की बदलती शक्ति और संकल्प का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल जनपद को आदर्श जिला बनाने की दिशा में मानसिक चिकित्सालय, कैंसर संस्थान, आयुष अस्पताल, ओपन जिम, अंबेडकर पार्क, रिंग रोड, बाईपास रोड, एस्ट्रो पार्क, पोलिनेटर पार्क और खेल विश्वविद्यालय जैसी परियोजनाएं तेज़ी से क्रियान्वित की जा रही हैं।

## नैनीताल कोसी नदी में नहाते समय युवक डूबा, मातम में बदलीं ईद की खुशियां

रामनगर। प्रतिबंधित आरक्षित वन क्षेत्र कोसी नदी के झूलापुल में नहाने के दौरान एक और युवक की जान चली गई। युवक ईद पर घूमने के लिए दोस्तों के साथ रामनगर आया था। युवक की मौत से स्वजन की ईद की खुशियां गम में बदल गईं।

मृतक के स्वजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम रविवार को किया जाएगा। आठ सालों में कोसी नदी में नहाने से 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

उप्र. के मोहल्ला लकड़ा नई बस्ती नियर पंजाब नेशनल बैंक अमरोहा निवासी अनस 24 पुत्र अनीस सऊदी अरब में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह करीब दस 12 दिन पूर्व सऊदी अरब से अपने घर अमरोहा पहुंचा था। अस्पताल में लोगों ने बताया कि वह अपने भाई की शादी के लिए घर आया था। अनस शनिवार को अपने छह दोस्तों के साथ रामनगर घूमने आया।

## बकरीद के त्योहार पर परिवार की खुशियां मातम में बदली

# किशोर की गला रेतकर निर्मम हत्या



हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के मंगलौर इलाके में शनिवार को बकरीद के त्योहार के बीच एक दिल दहला देने वाली घटना ने एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। यहां एक व्यक्ति ने अपने बेटे की मौत का बदला लेने के लिए 17 वर्षीय किशोर की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम बाद के बाद आरोपी ने खुद ही थाने जाकर सरेंडर कर दिया। हत्या की इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि, एक साल पहले बकरा ईद से अगले दिन मोहल्ला पठानपुरा के तीन लड़के गंगनहर में नहाने के लिए गए थे। एक किशोर की गंगनहर में डूबने से मौत हो गई थी। मृतक किशोर के पिता को शक था कि साहिल व एक अन्य किशोर उसके बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार थे। इसी रंजिश में उसने साहिल की हत्या की साजिश रची। शनिवार सुबह बकरा ईद की नमाज पढ़कर किशोर साहिल अपने घर पहुंचा। इसी दौरान वह मोहल्ले में ही अपने दोस्तों से मिलने जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे आरोपी बाइक पर सवार होकर मृतक के घर के पास पहुंचा और किशोर के पेट में छुरी से तीन वारकर दिए, जिससे लहूलुहान होकर किशोर सड़क पर गिर गया। इसके बाद आरोपी ने गला रेतकर निर्मम तरीके से उसकी हत्या कर दी।

# पहाड़ से मैदान तक मौसम शुष्क, पारे ने बढ़ाई तपिश

## अगले तीन दिन पड़ेगी भयंकर गर्मी

देहरादून। उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक मौसम शुष्क बना हुआ है और चटख धूप खिल रही है। इसके साथ ही पारा चढ़ने लगा है और तपिश पसीने छुटा रही है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में अचानक गर्मी बढ़ गई है। दून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में पारा 37 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन मौसम के मिजाज में बदलाव के आसार नहीं हैं। ऐसे में प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने और पारे में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने के आसार हैं। आगामी 11 जून से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से वर्षा का अनुमान है। शनिवार को दून में सुबह से ही चटख धूप खिली रही। दिनभर चटख धूप के कारण तपिश महसूस की गई। साथ ही पारे में भी करीब दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की। इस माह में पहली बार दून का तापमान सामान्य से अधिक रिकार्ड किया गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। ऐसे में दून और आसपास के क्षेत्रों में फिलहाल सुबह–शाम गर्मी से राहत है। पर्वतीय क्षेत्रों में भी दिनभर धूप खिल रही हैं और पारा चढ़ रहा है। हालांकि, अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं आंशिक बादल भी मंडराते रहे। प्रदेश में ऊधमसिंह नगर में अधिकतम तापमान सर्वाधिक 37.6 रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, रविवार को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। इसके साथ ही अगले कुछ दिन प्रदेशभर में आसमान साफ रहने और चटख धूप खिलने के आसार हैं। जिससे पारे में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, आगामी 11 जून को ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है।



## 'क्या भीड़ का पहले से अनुमान नहीं था', बेंगलुरु भगदड़ मामले में हाईकोर्ट सख्त

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम के सम्मान समारोह के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के संबंध में राज्य की कांग्रेस सरकार से नौ सवाल पूछे हैं।कार्यवाहक चीफ जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस दुखद हादसे के मद्देनजर कोर्ट द्वारा शुरू की गई एक स्वप्रेरित रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए ये सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने सिद्दरमैया सरकार को मंगलवार (10 जून) तक सवालों के विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**11 लोगों की हुई थी मौत**

गौरतलब है कि यह भगदड़ चार जून की शाम को चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने हुई थी जहां आरसीबी टीम की जीत के जश्न में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े थे।

# अब उत्तराखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक होगी फार्मासिस्टों की तैनाती

देहरादून। प्रदेश सरकार अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी फार्मासिस्ट तैनात करने की तैयारी कर रही है। उद्देश्य यह कि यहां आने वाले मरीजों को प्राथमिक इलाज व दवा उपलब्ध की जा सके। इसके लिए फार्मासिस्ट का पुराना काडर बहाल करने पर जोर दिया जा रहा है।


इसके तहत पूर्व में समाप्त किए गए 391 पदों को फिर से पुनर्जीवित करने की तैयारी है। प्रदेश में इस समय स्वास्थ्य विभाग में इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टेंडर्ड (आइपीएचएस) के 2019 के मानकों को लागू किया हुआ है। इन मानकों के लागू होने से नए ढांचे में प्रदेश में फार्मासिस्ट संवर्ग के 994 पद रह गए हैं। पहले यह संवर्ग 1385 पदों का था। उस समय विभाग में नए मानक से अधिक पदों पर फार्मासिस्ट तैनात थे तो सरकार ने इनको हटाया नहीं बल्कि इन्हें अन्य अस्पतालों में तैनाती दे दी है। प्रदेश सरकार इस समय स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बढ़ाने पर जोर दे रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में पीएचसी व सीएचसी स्तर तक लगातार दवाएं व उपकरण पहुंचा जा रहे हैं। यद्यपि, यहां चिकित्सक, फार्मासिस्ट व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी बनी हुई है। अब सरकार फार्मासिस्ट को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक तैनात करना चाह रही है, ताकि ये यहां आने वाले मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। इस कड़ी में सबसे पहले समाप्त किए जाए चुके 391 पदों को फिर से बहाल करने की तैयारी है। उद्देश्य यह कि इन पदों के सापेक्ष सेवानिवृत्त होने वाले फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर नई भर्ती की जा सके। शासन इसके लिए वर्ष 2021 के आइपीएचएस के मानकों को अपनाने पर विचार कर रहा था, लेकिन इन मानकों के लागू होने से कई अन्य सेवाओं के पद कम हो रहे हैं।



अब स्वास्थ्य विभाग पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने का आधार बनाते हुए फार्मासिस्ट के पुराने पदों को पुनर्जीवित करने पर काम कर रहा है। इससे सरकार पर कोई वित्तीय भार भी नहीं पड़ रहा है।

# भारत दौरे पर ब्रिटिश विदेश मंत्री, पहलगाम हमले पर भी बात

दिल्ली। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी भारत आए हैं.उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात हुई.जयशंकर ने कहा कि भारत, पहलगाम हमले पर ब्रिटेन द्वारा सख्त निंदा किए जाने की सराहना करता है.भारत और ब्रिटेन के आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी नई दिल्ली पहुंचे हैं.ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के मुताबिक, लैमी की ताजा भारत यात्रा में व्यापार और आप्रवासन प्रमुख अजेंडा हैं.भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी तस्वीरें पोस्ट करते हुए लैमी ने सोशल मीडिया पर लिखा, "भारत में स्वागत करने के लिए आपका शुक्रिया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी"लैमी ने दोनों देशों के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते का जिक्र करते हुए लिखा कि भारत और ब्रिटेन आपसी सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में काम करते रहेंगे. भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भी डेविड लैमी से अपनी मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट की.उन्होंने लिखा, " ब्रिटेन द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने और आतंकवाद से लड़ने में समर्थन की हम सराहना करते हैं" जयशंकर ने लिखा कि लैमी के साथ विस्तृत सामरिक साझेदारी के अलावा वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बातचीत हुई.भारत की यात्रा पर रवाना होने से पहले विदेश मंत्री लैमी ने नई दिल्ली और लंदन के बीच सहयोग की मजबूत संभावनाओं को रेखांकित किया था.उन्होंने हालिया व्यापार समझौते को "महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत भर" बताया.ब्रिटिश विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लैमी "पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद बढ़े हालिया तनाव" पर भी बात कर सकते हैं.भारत–ब्रिटेन को मुक्त व्यापार समझौते से काफी उम्मीदडेविड लैमी, भारतीय कारोबारियों से भी मिलेंगे. इसका मकसद भारतीय कंपनियों द्वारा ब्रिटेन में निवेश को बढ़ावा देना है.पिछले महीने लंबी बातचीत के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता हुआ था.फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, दो या दो से ज्यादा पक्षों के बीच हुआ व्यापार समझौता है.इसका मकसद आपसी कारोबार और निवेश की राह में बाधाओं को कम करना है.इसमें सभी पक्षों द्वारा आपसी कारोबार में शामिल चीजों पर कस्टम ड्यूटी घटाना या खत्म करना शामिल है.



## ऑनलाइन कार्स के नाम पर छात्रों से 1.82 लाख हड़पे

देहरादून। सहस्त्रधारा रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर के पूर्व कर्मचारी ने ऑनलाइन कोर्स के नाम पर छात्रों से 1.82 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। कोचिंग सेंटर की ओर से उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। राजपुर थाना पुलिस के अनुसार, सैय्यद सादिक निवासी प्रेमनगर ने तहरीर दी कि वो आईटी पार्क सहस्त्रधारा रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर में काम करते हैं। संस्था मेडिकल और हेल्थ केयर फील्ड से संबंधित ऑनइालन कोर्स चलाती है। अभ्यर्थियों को एक ऑनलाइन एप से क्लास दी जाती हैं।

उन्होंने बताया कि निशांत निवासी नेब सराय दक्षिणी दिल्ली संस्थान का पूर्व कर्मचारी है। आरोप लगाया कि निशान्त ने पूर्व में महिला कर्मचारियों से अभद्रता की। जिसके बाद उसे कोचिंग सेंटर से हटा दिया गया।

## फरीदाबाद में भीषण सड़क हादसा

# दो गाड़ियां टकराईं, तीन की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

फरीदाबाद। दिल्ली–आगरा नेशनल हाइवे पर जेसीबी कट के पास शुक्रवार देर रात दो गाड़ियों की टक्कर हो गई। जिसमें से अर्टिगा गाड़ी में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एमजी हैक्टर गाड़ी में सवार चालक गंभीर रूप से घायल है। जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मरने वाले तीनों पलवल के

पुलिस ने बताया कि एमजी हेक्टर और अर्टिगा में देर रात हुए इस टक्कर में तीन लोगों की मौत हुई है और तीनों पलवल के रहने वाले हैं। तीनों युवक जेसीबी कंपनी के कर्मचारी थे और रात ड्यूटी कर वापस जा रहे थे। मृतकों के नाम मनीष, दीपांशु व त्रिवेंद्र पोसवाल है। अर्टिगा में पांच लोग सवार थे जबकि एमजी हेक्टर में तीन लोग थे। पुलिस को रात दो सवा दो बजे सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**अर्टिगा में लग गई थी आग**

पुलिस ने जानकारी दी कि एमजी हेक्टर गाड़ी पलवल से फरीदाबाद की तरफ जा रही थी और अर्टिगा सेक्टर 58 से पलवल की तरफ क्रोस कर रही थी। हादसे के बाद अर्टिगा पलट गई थी और इसमें आग लग गई थी। हालांकि वक्त रहते आग पर काबू पा लिया गया।

# क्या आप इन सब्जियों का जूस बनाकर पीते हैं?



आजकल कई लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी जागरूक हो गए हैं। इस कारण कई लोग अपने खाने में हरी सब्जियों को शामिल करने लगे हैं। आमतौर पर हरी सब्जियों का जूस पीने की सलाह दी जाती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसी सब्जियां भी होती हैं, जिनका जूस बनाकर पीना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसी सब्जियों के बारे में बताते हैं, जिनका जूस नहीं पीना चाहिए।

**पालक**

पालक एक ऐसी सब्जी है, जो आमतौर पर सूप या सब्जी के रूप में खाई जाती है। हालांकि, इसका जूस न पीएं।

इसका कारण है कि पालक में एक विशेष तत्व की अधिक मात्रा होती है, जो किडनी में पथरी का कारण बन सकता है।

अगर आप पालक का जूस बनाकर पीते हैं तो इससे इस तत्व की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे किडनी पर दबाव पड़ता है और पथरी का खतरा बढ़ सकता है।

**चुकंदर**

चुकंदर में एक तत्व की अधिक मात्रा होती है, जो शरीर में एक विशेष तत्व का निर्माण करती है। यह तत्व रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है, लेकिन चुकंदर का जूस पीने से रक्तचाप अचानक बढ़ सकता है, जिससे चक्कर आने या सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस वजह से चुकंदर का जूस पीने से बचना चाहिए और इसकी बजाय सलाद में इसका सेवन करना चाहिए।

**केल**

केल एक प्रकार की पत्तेदार सब्जी होती हैं, जिनमें विटामिन और कैल्शियम की अधिक मात्रा होती है। हालांकि, केल का जूस बनाकर पीना भी सही नहीं होता क्योंकि इनमें एक विशेष तत्व की मात्रा अधिक होती है, जो किडनी में पथरी का कारण बन सकती है। केल का जूस बनाने से इस तत्व की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे किडनी पर दबाव पड़ता है और पथरी का खतरा बढ़ सकता है।

**अरुगुला**

अरुगुला एक हरी पत्तेदार सब्जी होती है, जिसमें एक विशेष तत्व की अधिक मात्रा होती है। इसका जूस बनाने से भी इस तत्व की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे रक्तचाप अचानक बढ़ सकता है और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अरुगुला का जूस बनाने से बचना चाहिए। इसके बजाय आप इसकी सलाद बना सकते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है और आपके रक्तचाप को नियंत्रित रखने में मदद कर सकता है।

## स्ट्रेटनिंग आयरन का इस्तेमाल किए बिना बालों को सीधा करना है? अपनाएं ये आसान तरीके

बालों को सीधा करने के लिए स्ट्रेटनिंग आयरन का इस्तेमाल करना आम बात है, लेकिन इसके लगातार उपयोग से बालों को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में बेहतर होगा कि स्ट्रेटनिंग आयरन का इस्तेमाल न करें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे स्टाइलिंग आयरन के बिना ही आप अपने बालों को सीधा कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस थोड़ी सी मेहनत करनी होगी और कुछ घरेलू नुस्खे अपनाने होंगे।

**गीले बालों पर कंघी करें**

गीले बालों पर कंघी करना एक आसान और प्रभावी तरीका है।

जब आपके बाल थोड़े गीले हों तो एक चौड़ी दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करें। इससे आपके बाल आसानी से सुलझेंगे और टूटेंगे भी नहीं।

कंघी करते समय धीरे–धीरे नीचे से ऊपर की ओर खींचें ताकि बालों की जड़ें भी सुलझ जाएं।

यह तरीका न केवल आपके बालों को सीधा करेगा बल्कि उन्हें मुलायम और चमकदार भी बनाएगा। इसके अलावा इससे आपके बालों में प्राकृतिक लचीलापन भी आएगा।

**तेल मालिश करें**

बालों की जड़ों तक तेल पहुंचाना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप नारियल या जैतून का तेल इस्तेमाल कर सकते हैं।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों ने भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को कैसे बदल दिया

**प्रहलाद जोशी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है।

सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है।

पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा।

लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी। 2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर–पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था।

वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं।

यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सबसे पहले, फीड–इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार–संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में ?10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से ?1.99 प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है।



दूसरा, अंतर–राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 गीगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 गीगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 गीगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। इससे आपूर्ति शृंखला मजबूत होती है और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है।

चौथा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए, सरकार ने मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम), घटकों और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलसीएम) के साथ–साथ घरेलू सामग्री आवश्यकताओं (डीसीआर) को लागू किया, जिससे गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला की संपूर्णता सुनिश्चित हुई और आयातित सौर घटकों पर निर्भरता कम हुई। इन उपायों ने भारतीय निर्माताओं के लिए एक समान अवसर तैयार किए हैं, जिससे एक लचीले और प्रतिस्पर्धी सौर इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पांचवां, प्रधानमंत्री के विजन के तहत, पीएम–सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गई है, जिसका लक्ष्य 30 गीगावॉट की विकेंद्रीकृत क्षमता तैयार करने के लिए एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना है। लगभग 13.75 लाख घरों को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच में बदलाव आ रहा है। इसी तरह, पीएम–कुसुम योजना किसानों को विकेंद्रीकृत सौर प्रणाली लगाने में सक्षम बनाकर कृषि को सौर ऊर्जा से लैस कर रही है। 11 लाख से अधिक पंपों को सौर ऊर्जा से युक्त किया गया है, जिससे भारत का ये सबसे अधिक ऊर्जा–गहन क्षेत्र जलवायु सहयोगी में बदल गया है।

सातवां, भारत अब स्वच्छ ऊर्जा के मामले में दुनिया का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। 2014 में एफडीआई के मामूली प्रवाह से, भारत ने अप्रैल 2020 से सितंबर 2024 के दौरान आरई क्षेत्र में $19.98 बिलियन का एफडीआई आकर्षित किया, जो आज भारत में एफडीआई आकर्षित करने वाले शीर्ष क्षेत्रों में से एक के रूप में उभर रहा है। इससे देश के वैश्विक स्तर पर बढ़ते कद और आर्थिक क्षमता का पता चलता है। इस यात्रा में एक अन्य प्रमुख उत्प्रेरक लगभग ?20,000 करोड़ के निवेश समर्थन वाला राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ ईंधन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

आठवां, पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव की रीढ़ बना हुआ है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर और 2030 ट्रांसमिशन (पारेषण) रोडमैप में भारत का निवेश सुनिश्चित करता है कि अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं ग्रिड से कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय तरीके से जुड़ सकें। यह पहल कटौती के जोखिम को कम करती है और ग्रिड स्थिरता को बढ़ाती है।

नौवां, सरकार भारत के समुद्र तट की विशाल क्षमता का भी दोहन कर रही है। 2030 तक 37 गीगावॉट की निविदाओं की योजना के साथ अपतटीय पवन (ऑफशोर विंड) पहल को व्यवहार्यता अंतर निधि और मजबूत साइट सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित किया जा रहा है। गुजरात और तमिलनाडु में पायलट परियोजनाएं पहले से ही भारत के अगले अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की नींव रख रही हैं।

दसवीं बात, बिजली आपूर्ति में रुकावट की चुनौती को पहचानते हुए भारत ने हाइब्रिड और चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की नीति के साथ निर्णायक कदम उठाया है। पवन–सौर हाइब्रिड और ठोस एवं प्रेषण योग्य अक्षय ऊर्जा (एफडीआरई) को बढ़ावा देकर भारत चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा समाधान तैयार कर रहा है। पाइपलाइन में 65 गीगावाट से अधिक क्षमता के साथ, यह ग्रिड की विश्वसनीयता और जीवाश्म–आधारित बेसलोड बिजली के विकल्प के लिए महत्वपूर्ण है।

ग्यारहवीं बात, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में हम उन घरों तक पहुंच रहे हैं, जहां पहले कभी बिजली नहीं थी। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए विशेष सौर कार्यक्रमों और पीएम जनमन मिशन और सीपीएसयू योजना चरण–द्वद्व के तहत हजारों घरों में बिजली पहुंचाई गई है। ये सिर्फ ऊर्जा कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये सशक्तिकरण और समावेशी विकास के साधन हैं।

**वैश्विक मान्यता और घरेलू संकल्प**

भारत सिर्फ अपने देश में ही प्रगति नहीं कर रहा है, बल्कि हम वैश्विक स्तर पर भी नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर अलायंस) ने 100 से ज्यादा देशों को एक साथ ला खड़ा किया है। 'एक सूर्य एक दुनिया एक ग्रिडइ का विजन दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा किस तरह से देशों को एकजुट कर सकती है। यह भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतरराष्ट्रीय और अंतर–सरकारी संगठन भी है। दुनिया भारत को देख रही है। साथ ही दुनिया भारत से सीख रही है।

री–इन्वेस्ट 2024 में दुनिया भर के निवेशकों ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के लिए 2030 तक 32.45 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया। अक्षय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रमुख बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने वित्तीय सहायता को मजबूती देने और इस क्षेत्र में निवेश में तेलाने के लिए भाग लिया। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को तेसे आगे बढ़ाने और राज्यों के बीच प्रदर्शन और नवाचार के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल को प्रोत्साहन देने के लिए, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

# विराट कोहली के सपने साकार

**मनोज चतुर्वेदी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहली बार आईपीएल खिताब जीता जरूर पर इसे विराट कोहली के सपने के साकार होने के तौर पर ही लिया गया। इस कारण फाइनल मैच का परिणाम आने पर अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर बने माहौल ने 2011 में वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी वनडे विश्व कप जीतने पर बने माहौल की यादें ताजा कर दीं। उस वक्त सारी टीम सचिन तेंदुलकर के विश्व कप जीतने के सपने के साकार होने पर उन्हें कंधे पर उठा कर घुमा रही थी। वजह यह थी कि विराट 2008 से इस टीम को खिताब जिताने के लिए प्रयास करते रहे थे पर खिताब से दूरी खत्म होकर नहीं दे रही थी।

इस खिताब का विराट को किस बेसब्री से इंतजार था, इसे उनकी भावनाओं से समझा जा सकता है। जॉश हेजलवुड के आखिरी ओवर की पहली दो गेंदों पर छक्का लगते ही आरसीबी का खिताब जीतना पक्का हो गया था। खिताब तय होते ही विराट की आंखें खुशी से नम हो गई और खेल खत्म होते ही वह मैदान पर सिर झुका कर अपनी भावनाएं बयां करते रहे। जिस काम को अनिल कुंबले, डेनियल विटोरी और खुद विराट कप्तान रहते नहीं कर पाए थे, उसे रजत पाटीदार ने कर दिखाया।

इस तरह अब मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, डेक्कन चार्जर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के साथ आरसीबी का भी नाम आईपीएल खिताब जीतने वाली टीमों में शामिल हो गया है। आरसीबी का यह फाइनल खेलने का चौथा मौका था जिसमें से 2009 और 2016 में तो वह बहुत ही मामूली अंतर से पिछड़ कर खिताब जीतने से रह गई थी। 2009 के फाइनल में उसे छह रनों से और 2016 में आठ रनों से हार का सामना करना पड़ा था। हां, वह 2011 के फाइनल में जरूर बुरी तरह से हार गई थी। पर इन सबकी कमी उसने पंजाब किंग्स को छह रनों से हरा कर पूरी कर दी।आरसीबी का खिताबी सपना तो पूरा हो गया पर पंजाब किंग्स का सपना अधूरा बना हुआ है। अय्यर जिस तरह से कोच रिकी पोंटिंग के साथ मिल कर टीम को तस्वीर बदलने में सफल हुए हैं और उन्होंने दूसरे क्वालिफायर में जिस तरह से मुंबई इंडियंस की चुनौती तोड़ी, उससे वह भी खिताबी मजबूत दावेदार मानी जा रही थी पर शायद किस्मत में चैंपियन बनना लिखा नहीं था। इस आईपीएल खिताब का आरसीबी और विराट को इंतजार था, उसी तरह लग रहा था कि नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूद दर्शक भी चाहते थे कि विराट की पिछले 17 सालों से चली आ रही दूरी खत्म हो। पूरा स्टेडियम आरसीबी की जर्सी पहने पटा पड़ा था। आरसीबी के पक्ष में चौका या छक्का लगने या फिर विकेट मिलने पर स्टेडियम शोर से गूंज उठता था। आरसीबी टीम ने विराट और उनके चहेते दर्शकों को निराश नहीं किया। खिताब जीतने पर भावनाओं से भरे विराट ने कहा, 'यह जीत जितनी टीम के लिए है, उतनी ही प्रशंसकों के लिए भी है। यह पूरे 18 सालों का इंतजार था। मैंने इस टीम को अपना युवा समय, अपना सर्वश्रेष्ठ दौर और अपना अनुभव सब कुछ दिया। हर सीजन इसे जीतने की कोशिश की और अपनी सारी ताकत लगा दी। अब जाकर इसे हासिल करना अविसनीय अहसास है। कभी नहीं सोचा था कि यह दिन आएगा। मैं आखिरी गेंद के बाद भावनाओं में बह गया। अपनी सारी ऊर्जा झोंक दी और अब जो महसूस हो रहा, वो बयां करना मुश्किल है। वाकई कमाल का अहसास है।


आरसीबी के विजेता बनने पर एक और तस्वीर देखने को मिली। आरसीबी की सफलताओं में अहम भूमिका निभाने वाले एबी डिविलियर्स टीम के विजेता बनते ही मैदान में दौड़कर आए और विराट को गले लगा लिए। क्रिस गेल भी वहां पहुंच कर विराट को गले लगाकर बधाई देते नजर आए।

# राणा दग्गुबाती की राणा नायडू की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

वेंकटेश दग्गुबाती और राणा दग्गुबाती की वेब सीरीज राणा नायडू को काफी पसंद किया गया था। एक्शन से भरपूर यह सीरीज 10 मार्च, 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और इसमें कुल 10 एपिसोड थे। राणा नायडू के दूसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है और इसका टीजर भी रिलीज हो गया है।

अब निर्माताओं ने राणा नायडू 2 की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।

आइए जानें आप यह सीरीज कब और कहां देख पाएंगे। राणा नायडू 2 का प्रीमियर 13 जून, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होगा। सीरीज का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें तमाम सितारों की झलक दिख रही है। निर्माताओं ने



पोस्टर साझा करते हुए लिखा, जब बात परिवार की हो, राणा हर लाइन क्रॉस करेगा। इस सीरीज में सुचित्रा पिल्लई, रजनी बसुमतारी, गौरव चोपड़ा, अर्जुन रामपाल और सुरवीन चावला जैसे सितारे भी नजर आएंगे। राणा नायडू 2 के निर्देशन की कमान सुपर्ण वर्मा और करण अंशुमान ने संभाली है।

## राणा दग्गुबाती की राणा नायडू 2 से जुड़े सुनील ग्रोवर

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय और बहुचर्चित वेब सीरीज में से एक राणा नायडू के दूसरे सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सीरीज 13 जून, 2025 को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें वेंकटेश दग्गुबाती और राणा दग्गुबाती मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। राणा नायडू 2 का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, वहीं अब कॉमेडियन सुनील ग्रोवर इस सीरीज में शामिल हो चुके हैं। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में राणा और सुनील एक–दूजे से भिड़ते नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि राणा नायडू 2 में सुनील मेहमान की भूमिका निभा रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, राणा जब शाना से मिले, धमाका तो होना ही था। राणा नायडू अधिक एक्शन, अधिक ड्रामा और अधिक मनोरंजन के साथ 13 जून से केवल नेटफ्लिक्स पर लौट रहे हैं।

# शम्स मुलानी की आकाश टाइगर्स ने दर्ज की पहली जीत

नई दिल्ली। शम्स मुलानी की कप्तानी वाली आकाश टाइगर्स टहर ने शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मैच को जीत लिया। टी20 मुंबई लीग 2025 के 14वें मैच में पृथ्वी शॉ की नॉर्थ मुंबई पैंथर्स को 22 रनों से हराकर आकाश टाइगर्स ने अपनी पहली जीत दर्ज की। भारी बारिश के कारण देरी से शुरू हुए इस मैच को पांच–पांच ओवर का खेलने का फैसला लिया गया। दरअसल, पहले बल्लेबाजी करने उतरी आकाश टाइगर्स की शुरुआत खराब रही। हार्दिक ने 5 गेंद खेलकर 16 रन बनाए, जबकि बिस्टा ने 8 रन बनाए। इसके बाद शम्सी मुलानी (12) और अर्जुन दानी (10) की फॉर्म में चल रही जोड़ी ने टाइगर्स को पांच ओवर के इस खेल में 66/7 रन के स्कोर तक पहुंचाया। मैच में सिद्धार्थ ने 11 रन, जबकि वसीम और सयैद ने 1 और 2 रन क्रमशः बनाए।




इसके जवाब में 67 रन का पीछा करने उतरी नॉर्थ मुंबई पैंथर्स की टीम की शुरुआत अच्छी रही। पहले दो ओवर में केवल 10 रन बने, लेकिन पैंथर्स की ओपनिंग जोड़ी पृथ्वी शॉ और दिव्यांश सक्सेना ने गति को बढ़ाने की कोशिश की,लेकिन आकाश टाइगर्स की सटीम गेंदबाजी ने उनपर दबाव बढ़ाया और दोनों बल्लेबाज कुल 30 रन बनाकर आउट हुए।

**पृथ्वी शॉ के आउट होते ही टीम की उम्मीदें टूटी**

बढ़ाते दबाव के कारण पृथ्वी ने सिल्वेस्टर डिसूजा की गेंद को लॉन्ग ऑफ के ऊपर से मारने का प्रयास किया, लेकिन गति की कमी के चलते वह धोखा खा गए और उन्हें विरोधी टीम के कप्तान शम्सी मुलानी के हाथों कैच आउट होना पड़ा। शॉ ने इस दौरान 12 गेंद पर 19 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 1 छक्का शामिल रहा। जब पृथ्वी मैदान से बाहर आउट होकर लौट रहे थे तब पैंथर्स की जीत की उम्मीदें भी कम होती नजर आईं। दिव्यांश 12 रन बनाकर रिटायर्ट आउट हुए। आयुष और सौरव ने 4 और 5 रन क्रमशः बनाए। इस तरह 5 ओवर के खेल में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स की टीम 2 विकेट के नुकसान पर 44 रन ही बना सकी। आकाश टाइगर्स को इस तरह सीजन की पहली जीत मिली।

# रवि तेजा ने किशोर तिरुमाला से मिलाया हाथ, फिल्म आरटी76 का हुआ भव्य शुभारंभ

मास महाराजा रवि तेजा, जो अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस, सहज अभिनय और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं, पारिवारिक मनोरंजन के मास्टर, निर्देशक किशोर तिरुमाला के साथ मिलकर आरटी76 नामक एक रोमांचक नई परियोजना के लिए काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का निर्माण सफल निर्माता सुधाकर चेरुकुरी द्वारा प्रतिष्ठित एसएलवी सिनेमा बैनर के तहत किया जाएगा, जो उच्च मनोरंजन मूल्य के साथ गुणवत्तापूर्ण सिनेमा देने के लिए जाना जाता है।

इस अद्भुत संयोजन वाली फिल्म का आज मुहूर्त समारोह के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। निर्देशक किशोर तिरुमाला ने रवि तेजा की कॉमेडी की





खास शैली से सजी एक पूरी तरह से पारिवारिक विषय पर आधारित फिल्म लिखी है। यह फिल्म अभिनेता को उनके सर्वश्रेष्ठ रूप में दिखाने का वादा करती है, जिसमें हंसी और भावनाएं समान रूप से दिखाई देंगी। प्रशंसक पुरानी रवि तेजा ऊर्जा की उम्मीद कर सकते हैं, जो एक ऐसी कहानी में समाहित है जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी।

# 8 रन और 6 विकेट... इंग्लैंड के गेंदबाज ने हैट्रिक लेकर मचाया तहलका

नई दिल्ली। इंग्लैंड में इन दिनों विटैलिटी ब्लास्ट का खूमार सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसे में एक गेंदबाज ने इसमें और तड़का लगा दिया है। नॉर्थम्प्टनशायर के तेज गेंदबाज बेन सैंडरसन ने हैट्रिक सहत एक ओवर में चार विकेट लेकर तहलका मचा दिया। सैंडरसन ने कुल छह विकेट चटकाए। विटैलिटी ब्लास्ट में नॉर्थम्प्टनशायर ने वॉरसेस्टरशायर को रोमांचक मैच में हराया। नॉर्थम्प्टनशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए। इसके बाद वॉरसेस्टरशायर की टीम 159 रन ही बना सकी। बेन सैंडरसन की घातक गेंदबाजी के आगे वॉरसेस्टरशायर के बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नहीं सके।

**8 रन देकर लिए 6 विकेट**

बेन सैंडरसन ने 4 ओवर में सिर्फ 8 रन दिए और 6 विकेट हासिल किए। उनके आगे विपक्षी टीम के खिलाड़ी बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उनकी वजह से ही नॉर्थम्प्टनशायर की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। बेन सैंडरसन ने एक ही ओवर में चार विकेट चटकाए। नॉर्थम्प्टनशायर की तरफ से 19वां ओवर बेन सैंडरसन ने किया। इस ओवर की पहली गेंद पर टॉम




हीनली को आउट किया। दूसरी गेंद पर एक रन आया। फिर तीसरी गेंद डॉट रही। बेन ने अगली तीन गेंदों में लगातार तीन विकेट झटके और हैट्रिक पूरी की।

**एक ओवर में झटके चार विकेट**

बेन ने चौथी गेंद पर बेन ड्वार्शुइस को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद पांचवीं गेंद पर एडम फिंच को आउट किया। वहीं, छठी गेंद पर जैकब डफी को आउट किया और इस तरह से उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी कर ली। उन्होंने ओवर में कुल 4 विकेट चटकाए।

## एक नजर

### गोल्डन कार्ड से उपचार नहीं मिलने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राशि का भुगतान होने के बाद भी गोल्डन कार्ड से उपचार नहीं मिलने पर गवर्नमेंट पेंसनर्स वेलफयर एसोसिएशन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार को व्यवस्थाओं में जल्द से जल्द सुधार करना चाहिए।

शनिवार को एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारियों से गोल्डन कार्ड की निर्धारित राशि वसूल रही है। लेकिन, इस मद में प्राप्ति से अधिक उपचार की राशि बताकर पिछले कुछ माह से उपचार की सुविधा नहीं दी जा रही। जबकि, सरकार की ओर से मासिक कटौती जारी है। कहा कि सुविधा के अभाव में कर्मचारियों को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इस दौरान यदि किसी कर्मचारी के साथ कोई घटना होती है तो उसकी जिम्मेदार पूरी तरह सरकार होगी। कहा कि सेवारत कर्मचारियों की अपेक्षा पेंशनर्स को आधी पेंशन मिलती है। ऐसे में उन्हें योजना का बेहतर लाभ नहीं मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष जयवीर सिंह रावत, सचिव चंद्र प्रकाश नैथानी, वीरेंद्र रावत, जयपाल सिंह रावत, वाचस्पति बहुखंडी, एसपी कोटनाला आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य का ही विक्रय करें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस नगर पालिका सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा और विज्ञान के संबंध में खाद्य में हो रहे अनुसंधान की विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि हिमानी नेगी ने सभी को खाद्य सुरक्षा के नियमों के पालन का आह्वान किया। व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा ने सभी व्यापारियों से सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य का ही विक्रय करने की अपील की। शनिवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त खाद्य सुरक्षा गढ़वाल मंडल राजेंद्र सिंह रावत ने खाद्य सुरक्षा और विज्ञान के संबंध में खाद्य में हो रहे अनुसंधान और दैनिक उपभोग की खाद्य पर प्रकाश डाला। अभिहित अधिकारी अजब सिंह रावत ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के महत्व की जानकारी दी। अभिहित अधिकारी टिहरी प्रमोद रावत ने फोस्टेक ट्रेनिंग, फोर्टिफिकेशन इट राइट केंपस पर जानकारी दी। इस अवसर पर तीन खाद्य कारोबार कर्ताओं को सम्मानित व दो आंगनवाड़ी को खाद्य रजिस्ट्रेशन प्रदत किए गए। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को घर में घरेलू माध्यम से खाद्य पदार्थ की जांच के लिए किट बुक वितरित की गई। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल आदि शामिल रहे।

### भाजपा सरकार महिला अपराध की घटनाओं को रोकने में नाकाम

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि जिस प्रकार के महिला अपराधों के मामले में भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सामने आ रहे हैं वह सरकार की कथनी और करनी पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महिला अपराध की इन घटनाओं को रोकने के बजाए इस प्रकार के अपराध करने वालों की संरक्षक बनी हुई है। महिला अपराध की घटनाओं में उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में पहले स्थान पर पहुंच चुका है।

शनिवार को कांग्रेस के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि बीते दिनों हरिद्वार की घटना ने देवभूमि को शर्मशार कर दिया है। भाजपा महिला हितों को लेकर कितनी गंभीर है, इसका यह सजीव उदाहरण है। कहा कि भाजपा के नेतृत्व में उत्तराखंड में अंकिता भंडारी से लेकर हेमा नेगी, पिंकी हत्याकांड, चम्पावत में नाबालिग से दुष्कर्म, मंगलौर में सामूहिक दुष्कर्म, श्रीनगर में युवती से दुष्कर्म का प्रयास, द्वाराहाट में नाबालिग दलित युवती से दुष्कर्म, देहरादून में महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म, रुद्रपुर में नर्स की दुष्कर्म के बाद हत्या और देहरादून आईएसबीटी में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं ने देवभूमि को कलंकित कर दिया है। कांग्रेस ने इन अपराध में शामिल भाजपा नेताओं को सख्त सजा दिलाने की मांग उठाई है। चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र जनादोलन करेगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

### किन्नरों का भौतिक सत्यापन किया जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : आरटीई एवं आरटीआई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने जिलाधिकारी पौड़ी को ज्ञापन प्रेषित कर नगर निगम श्रीनगर एवं आसपास के क्षेत्रों में निवास करने वाले सभी किन्नरों का भौतिक सत्यापन किए जाने की मांग की है।

# पहाड़ी रूट पर बढ़ा वाहनों का दबाव, रूलाने लगा जाम

## कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगता रहा जाम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : स्कूलों में गर्मियों की छुट्टी के बाद अधिकाशं प्रवासी पहाड़ का रुख करने लगे हैं। ऐसे में शनिवार को कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का भारी दबाव देखने को मिला। नतीजा, जगह-जगह घंटों जाम की स्थिति बनी रही। ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मैदान में भीषण गर्मी के बीच प्रवासी पहाड़ का रुख करने लगे हैं। दिल्ली, देहरादून, गुरुग्राम सहित अन्य राज्यों से प्रवासी गांव पहुंच रहे हैं। ऐसे में सुबह से ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने लगा है। सबसे बुरी स्थिति कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर देखने को मिल रही है। दरअसल, गत वर्षाकाल के समय से राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल स्थिति


कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा वाहनों का जाम

में पड़ा हुआ है। कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा ढहा हुआ है। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर से आ रहे वाहनों को एक साथ निकलने के लिए पर्याप्त जगह तक नहीं मिल पा रही है। जिससे घंटों जाम लग रहा है। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर तय करने के बाद प्रवासी व पर्यटक दुगड्डा के समीप चूनाधारा में पानी पीने के लिए उतर रहे हैं। ऐसे में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण जाम लग रहा है। हालांकि, पुलिस लगातार जाम को खुलवाने के प्रयासों में जुटी हुई थी। लेकिन, लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव को नियंत्रण करना चुनौती बन रही थी।

## अनुसूचित जाति के युवक-युवतियों के कार्यशाला शुरु

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल विभाग की ओर से झंडीचौड़ में अनुसूचित जाति के युवक व युवतियों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला चलाई जा रही है। जिसमें युवक-युवतियों को निःशुल्क कंप्यूटर, सिलाई, बुनाई व ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला 60 दिन तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ पार्षद सुखपाल शाह ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए बेहतर अवसर है। कार्यशाला में प्रशिक्षण लेने के बाद वह स्वयं का स्वरोजगार चला सकते हैं। साथ ही कंप्यूटर का ज्ञान होने से युवक सीएससी सेंटर भी खोल सकते है। कहा कि आधुनिक युग में हर युवक को कंप्यूटर का बेहतर ज्ञान रखना चाहिए। युवतियां भी अपना ब्यूटीशियन खोल सकती हैं। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक योजना का लाभ उठाने की अपील की।

# महिलाओं के विरोध के बाद भी फिर खुली शराब की दुकान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत दुधारखाल में जिस शराब की दुकान को कुछ माह पूर्व महिलाओं के विरोध के बाद बंद कर दिया गया था उसे दोबारा खोला गया है। महिलाओं ने दोबारा शराब की दुकान खोले जाने का विरोध किया।

बताते चलें कि बीते अप्रैल माह में दुधारखाल कस्बे में शराब की दुकान खुली। शराब की दुकान खुलने के विरोध में ग्रामीण व महिला मंगल दलों ने लामबंद हो गए और दुकान का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि वर्तमान में ग्रामीणों की सहमति के बगैर ही शराब की दुकान खुलवाने के लिए टेंडर जारी हो गए। उनका कहना था कि क्षेत्र की जनता तो क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की मांग कर रही थी। लेकिन, सरकार क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने पर आमादा है। ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते मई माह में शासन ने उक्त दुकान को निरस्त करने के आदेश दे दिए।

आबकारी निरीक्षक खजान सिंह ने बताया कि जिस व्यक्ति को दुकान आवंटित की गई थी, दुकान निरस्त होने पर उसने न्यायालय में वाद दाखिल किया। बताया कि न्यायालय से उसके पक्ष में फैसला आया। बताया कि न्यायालय से प्राप्त आदेशों के अनुरूप प्रशासन ने दुधारखाल में शराब की दुकान को खोलने की अनुमति दे दी है।

## पुरानी पेंशन बाहली को लेकर लड़ी जाएगी आरपार की लड़ाई : पोखरियाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन उत्तराखंड के पूर्व मंडल महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग के समाधान को लेकर आरपार की लड़ाई के मंथन पर जुट गए हैं। जिसकी रणनीति जल्द ही तय होगी। कहा कि एटीआई नैनीताल व विभागीय प्रशिक्षण शत प्रतिशत प्रदान कराए जाने, प्रदेश स्तर पर संघ भवन बनाए जाने, गोल्डन कार्ड की खामियों को दूर किए जाने सहित विभिन्न मांगों के समाधान का विशेष जोर दिया जाएगा।

शनिवार को पौड़ी में आयोजित पत्रकार वार्ता में एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोएिशन उत्तराखंड के पूर्व मंडल महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि एसोसिएशन का प्रांतीय द्विवार्षिक अधिवेशन 17-18 जून को चंपावत में आयोजित होगा। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष के पद पर दावेदारी की है। जिसके लिए कड़ी मेहनत के साथ जनसंपर्क तेजी से चल रहा है। बताया कि पुरानी पेंशन बहाली कार्मिकों का अधिकार है। जिसके लिए 2027 से पहले कर्मचारी आरपार की लड़ाई के लिए मोर्चा खोलेंगे। इस पर रणनीति तैयार की जा रही है।

कहा कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों को उप शिक्षा अधिकारी के पद पर 10 फीसदी पदोन्नति प्रदान की जाय। मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के छह वर्गों में दो पद कम करते हुए पदोन्नति के अवसर बढ़ाए जाने पर फोकस रहेगा। कहा कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को लोक सूचना अधिकारी के पद से मुक्त रखे जाने और वित्तीय व नीतिगत अधिकार दिलाया जाना भी मुख्य मुद्दा है। बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किए जाने की व्यवस्था की जाएगी। बताया कि 8 जून को रुद्रप्रयाग, 9 जून को नैनीताल व ऊधमसिंह नगर में जन संपर्क किया जाएगा।

## अधिनियम के तहत दर्ज वादों का किया निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सहायक श्रम आयुक्त कोटद्वार के समक्ष ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के तहत दर्ज वादों का निस्तारण करते हुए श्रमिकों को चेक वितरित किए गए। इस दौरान श्रमिकों को श्रम कानून के बारे में भी जानकारी दी गई।

कोटद्वार में सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय में आयोजित अदालत में 20 श्रमिकों को चेक के माध्यम से 72.95 लाख की धनराशि दी गई।

साथ ही 70 वादों के निस्तारण के बाद श्रमिकों को 2.12 करोड़ की धनराशि के चेक दिए गए। वन विकास निगम के विरूद्ध लगाए गए 55 वादों के सापेक्ष 49 वादों का निस्तारण किया गया। सर्वाधिक प्रकरण सेवानिवृत्ति के उपरांत दैनिक श्रमिकों को ग्रेच्युटी न दिए जाने के मामले थे।

# गढ़वाल राइफल्स ने कारगिल शहीदों के स्वजनों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कारिगल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के सम्मान के लिए पांचवीं गढ़वाल राइफल्स की ओर से अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत घर-घर जाकर शहीदों के स्वजनों को सम्मानित कर उनकी समस्याएं भी सुनी गई। स्वजनों को जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

पांचवीं गढ़वाल राइफल्स की ओर से पौड़ी, टिहरी, देहरादून, रुद्रप्रयाग व कोटद्वार क्षेत्र में विशेष आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जवानों की टीम घर-घर जाकर कारगिल युद्धा में वीरगति को प्राप्त हुए वीर शहीदों के स्वजनों को सम्मानित कर रही है।

ोटद्वार क्षेत्र में भी जवानों ने घर-घर पहुंचकर वीर शहीदों के स्वजनों को सम्मानित किया। सूबेदार सुरेश सिंह ने बताया कि गढ़वाल राइफल्स की ओर से सशक्त और भावनात्मक प्री-कारगिल


कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के स्वजनों को सम्मानित करते भारतीय सेना के जवान

विजय दिवस आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान शहीदों के स्वजनों की समस्याओं को भी सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बताया कि देश की रक्षा में दिए गए वीर सैनिकों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। भरतीय सेना तन-मन और धन से वीर शहीदों के परिवार के साथ खड़ी है। अभियान के दौरान युवाओं को भी सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# अल्लाह की इबादत में उठे हाथ, अमन व शांति की दुआ

## कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-अजहा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) धूमधाम से मनाई गई। मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद की नमाज अदा कर अल्लाह से देश में अमन व शांति की दुआ मांगी गई। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय में उत्साह बना हुआ है।

सुबह सात बजे बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ग्रास्टनगंज स्थित ईदगाह में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने अल्लाह की इबादत करते हुए दुआएं मांगी।

इमाम मौलाना बदरूल इस्लाम अंसारी ने समुदाय के लोगों को समाज में शांति व अमन का संदेश कायम करने की सीख दी। कहा कि हमें अल्लाह की बताई राह पर चलना चाहिए। समाज में भाईचारा व


कोटद्वार में ग्रास्टनगंज स्थित ईदगाह में नमाज अता करते नमाजी

सौहार्द का महौल बना रहे, इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

नमाज के उपरांत समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे के गले लगते हुए ईद की बधाईयां दी। वहीं, ईद के कारण कोटद्वार बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ था। अधिकांश दुकानें बंद नजर आ रही थी। पूरे दिन मुस्लिम समुदाय के लोग ईद के उल्लास में डूबे हुए थे।

## राठ महाविद्यालय में 11 जून से शुरू होगा नेशनल सेमिनार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में 11 व 12 जून को वनाग्नि एवं जलवायु परिवर्तनः एक वैश्विक संकट विषय पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। सेमिनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से विशेषज्ञ एवं प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। सेमिनार में आमजन से जुड़कर इस पर गंभीर मंथन के साथ ही शोध पत्र भी प्रस्तुत किए जाएंगे और इसकी रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। सेमिनार का उदघाटन पद्मश्री कल्याण सिंह रावत करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सेमिनार के आयोजन सचिव डा. जितेंद्र कुमार नेगी ने बताया कि वनाग्नि एवं जलवायु परिवर्तनः एक वैश्विक संकट विषय पर आयोजित सेमिनार में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से विशेषज्ञ प्रतिभाग करेंगे। सेमिनार में स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है।

# छात्रावास अधीक्षक सहित 11 अन्य हास्टल वार्डनों के इस्तीफे से गढ़वाल विवि में माहौल गरमाया

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के मुख्य छात्रावास अधीक्षक समेत अन्य 11 हास्टल वार्डनों के इस्तीफे दिए जाने के बाद विवि में माहौल गरमा गया है। विवि के कुछ छात्र संगठनों ने बयान जारी करते हुए कुलपति से इस्तीफों को स्वीकार न करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक जो छात्रावास अधीक्षक का पदभार संभाल रहे थे वह नियमों का पालन करने वाले शिक्षक हैं। छात्र संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों द्वारा इस्तीफे के पीछे का कारण कुछ छात्र नेताओं का अभद्र व्यवहार, अभद्र भाषा प्रयोग और बार-बार नियम विरुद्ध कार्य करवाने का दबाव बताया गया है। हालांकि अभी कुलपति की ओर से हास्टल वार्डनों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। पूर्व छात्रसंघ महासचिव आंचल राणा ने कहा कि तथाकथित छात्र नेताओं व छात्र संगठनों द्वारा इस प्रकार की गुंडागर्दी, मनमानी, नियम विरुद्ध कार्य करवाना तथा शिक्षकों के साथ बदतमीजी करने जैसी घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं। कहा कि कुछ छात्र नेताओं का यह रवैया और प्रशासन द्वारा इस गुंडागर्दी को लगातार शह देते रहना बेहद निंदनीय है। पूर्व छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान ने कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय में पहली बार इस तरह चीफ़ वार्डन सहित सभी वार्डनों ने इस्तीफे दिए हैं जो विश्वविद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक माहौल के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक बहुत ही सम्मानित एवं नियम कानून का पालन करने वाले शिक्षक हैं और इस प्रकार से उनका इस्तीफा दिया जाना पूरे विश्वविद्यालय का ही नुकसान है। एआईडीएसओ संगठन से जुड़ी पूर्व छात्रसंघ सहसचिव रंजना ने कहा कि छात्र नेताओं का काम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मुद्दों को लेकर आवाज उठाना होना चाहिए ना कि विवि के गुंडागर्दी करना। उन्होंने कहा कि विवि में बहुत सारे शैक्षणिक सवाल हैं, जिन पर विवि से सवाल किए जाने चाहिए। वर्तमान छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि विवि में सेमेस्टर परीक्षा परिणाम समय पर जारी नहीं हो रहा, सीयूईटी सिर दर्द बना हुआ है। सफाई व्यवस्था की स्थिति बदहाल बनी हुई है, यहां तक की टीचिंग व नान टीचिंग में फैक्लटी की भारी कमी बनी हुई है। सभी पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारियों ने हास्टल के छात्र-छात्राओं की समस्या के त्वरित समाधान के साथ वार्डन के इस्तीफा कुलपति द्वारा मंजूर ना किया जाने की मांग की।

## पौड़ी महोत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या रही पांडवाज ग्रुप के नाम

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : जय कंडोलिया पौड़ी महोत्सव की सातवीं सांस्कृतिक संध्या पांडवाज ग्रुप के नाम रही। पांडवाज ग्रुप ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के साथ ही युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रामलीला मैदान में दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में पांडवाज ग्रुप की दमदार प्रस्तुति के साथ महोत्सव का समापन हुआ। सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला जज अजय कुमार चौधरी और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह नेगी ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह नेगी ने कहा कि पौड़ी सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जानी जाती है। तत्पश्चात पांडवाज ग्रुप के कलाकारों ने भोलेनाथ शंकरा.., हे नंदा गौरा.. से संध्या की शुरूआत की इसके बाद तीले धारू बोला.., डाली मुड़ छेलु पता ना.., घुघुति बासूती.., सैजा सैजा.., चला फुलर.., हे जी सरियों मा.., तेरी जै जै करा जै जै हिंवाला.., तेरी रचणा.., मेरी गजणा.., मैन कैन लगाई बदुली.., कांध मा धरली राधा, खैर की ग्याजंली राधा.., संध्या वाली बाँद दियों बरतौंदी.. के साथ ही जागर विधा के कई गीतों से देर रात तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के साथ ही युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। दर्शक दीर्घा में दर्शकों ने खूब डांस किया। पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी ने आयोजन की सफलता के लिए सभी संयोजन समितियों की सराहना की। इस मौके पर विधायक राजकुमार पोरी, सांस्कृतिक संयोजक मनोज रावत अंजुल, वरिष्ठ रंगकर्मी गौरी शंकर थपलियाल, लोक गायक अनिल बिष्ट, व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा, सचिव देवेंद्र रावत, बृजमोहन, प्रदीप असवाल, शुभम, युद्धवीर सिंह, सूरज बिष्ट आदि शामिल रहे।

# कॉक्टेल-मॉक्टेल पेय बनाने के सीखे गुर

## अंतरराष्ट्रीय सिरप कंपनी मोनिन इंडिया की ओर से आयोजित की गई एक दिवसीय कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कालेज कोटद्वार में मोनिन इंडिया की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्रों को पांच सितारा होटल में बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के कॉक्टेल और मॉक्टेल पेय बनाने के गुर सिखाए गए।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यशाला का कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्विनी शर्मा ने



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कालेज में आईटी, मैनेजमेंट कोर्स के अलावा होटल मैनेजमेंट के दो कोर्स एक वर्षीय सीएचएम और चार वर्षीय डिग्री कोर्स बीएचएम संचालित किया जाता है। कालेज में होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्र-छात्राओं को देश-विदेश के पांच सितारा होटल में नौकरी के लिए तैयार किया जाता है। उसी के तहत विभिन्न प्रकार के कॉक्टेल और मॉक्टेल पेय तैयार करना सिखाया जाता है। इस अवसर पर सिरप की अंतरराष्ट्रीय कंपनी मोनिन इंडिया के वैवरेज इनोवेश अधिकारी ने कंपनी द्वारा बनाए जाने वाले शिरप की जानकारी दी। कहा कि देश और विदेश के पांच सितारा होटल में कॉक्टेल मॉक्टेल पेय की बहुत डिमांड होती है। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। कंपनी के वैवरेज डबलवमेंट कर्मचारी अपूर्व चमोली ने छात्रों को कॉक्टेल में मार्टिनी, नैग्रोनी, डायक्री, मार्गरीटा, कॉस्मोपोलियन, मोहितो पेय और मॉक्टेल में लैमन, जिंगर स्मैश, वर्जिन मोहितो, नो टकीला सनराइज, वर्जिन मार्गरीटा, लैमन सोडा, वर्जिन पीना कोलाडा, ब्लू लगून, एप्पल टिनी कोलाडा और लैमन क्रेनबेरी लजीज पेय बनाने के गुर सिखाए। इस अवसर पर होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर वीरेंद्र आर्य, प्राध्यापक सपना रौथाण, गरुदीप सिंह, अंकित कुकरेती, वेद प्रकाश, अखिल कुमार, राहुल गुसाईं, वंदना नेगी आदि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का करें पालन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : परिवहन विभाग की ओर से धुमाकोट में सड़क सुरक्षा और प्रथम प्रतिक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ग्रामीणों व वाहन चालकों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता को महत्वपूर्ण बताया गया।

उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य ने कहा कि प्रशासन की ओर से सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को कम करने के लिए निवारक शिक्षा और त्वरित प्रतिक्रिया प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शशि दुबे ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय



धुमाकोट में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते सदस्य

नागरिकों, स्कूली छात्रों, ड्राइवरों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की सड़क दुर्घटनाओं के दौरान प्रभावी रूप से प्रथम प्रतिक्रिया के रूप में कार्य करने के लिए तैयारियों को मजबूत करना है। साथ ही सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं और यातायात नियमों के बारे में जागरूकता फैलाना भी है। कार्यशाला में पुलिस, चिकित्सा अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व स्थानीय जन ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने आपातकाल के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर और ट्रामा केयर रिस्पांस के बारे में पूरी जानकारी दी। साथ ही क्षेत्र में दुर्घटना संभावित स्थलों के बारे में जानकारी देने, जीवन बचाने के लिए गोल्डन आवर के दौरान तत्काल कार्रवाई के महत्व के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया। इस मौके पर एआरटीओ पौड़ी मंगल सिंह, टीटीओ जयंत वशिष्ठ, एसडीआरएफ के गबर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति प्रेरित किया

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का शनिवार को समापन हुआ। शिविर में विद्यालय के 120 बच्चों ने प्रतिभाग कर खेल गतिविधियों और उनके नियमों के बारे में जाना। शिविर में छात्रों के लिये एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल आदि खेलों का आयोजन किया गया। शिविर के आयोजक अतुल उनियाल, दुर्गी उनियाल, राकेश प्रसाद डंगवाल और शुभम बर्थवाल ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं के खेल गतिविधियों के साथ उनके नियमों की जानकारी दी गई। ग्रीष्मकालीन खेल शिविर कराने का मुख्य उद्देश्य यह है कि वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल और कंप्यूटर की लत लग गयी है, जिससे बच्चों का शारीरिक विकास नहीं हो पा रहा है।

## ईद का पर्व मनाया, अमन चैन की मांगी दुआ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : शहर में ईदउल अजहा का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे के गले लग कर ईद की बधाई दी। वहीं, इमाम ने नमाज पढ़ने आए लोगों को ईद के त्योहार को मनाने का महत्व बताया। यह त्योहार त्याग और इंसानियत का प्रतीक माना जाता है इस्लाम धर्म में इसे कुर्बानी का त्योहार कहा जाता है।

मुख्यालय पौड़ी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शनिवार को लोअर बाजार स्थित ईदगाह में नमाज अदा कर देश के अमन चैन की दुआ मांगी। शहर की लोअर बाजार स्थित जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती मोहम्मद तारीक और उनके सहयोगी मोहम्मद नाजिम ने सभी लोगों को नमाज अदा करवाई। इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष इनायत हुसैन ने बताया कि आज का दिन बहुत बड़ी खुशी का दिन है, इस खुशी के दिन को उनके पैगंबर और उनके बेटे की याद में मनाया जाता है।

बताया कि सभी मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा करने के बाद अपने-अपने घरों पर कुर्बानी की रस्म अदा की। इस मौके पर इंतजामिया कमेटी जामा मस्जिद लोअर बाजार पौड़ी के अध्यक्ष इनायत हुसैन, सचिव अख्तर कुरैशी, कोषाध्यक्ष नफीस हुसैन फारूक, राहत हुसैन, इमरान हुसैन, अकबर अली, हाजी अजीजुल वहीद, हाजी फारूक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान सतत खेती और वैज्ञानिक पद्धतियो को अपनाएं

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड खिर्सू की न्याय पंचायत देवलगढ़ के अंतर्गत ग्राम फरासू में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना रहा। गोष्ठी में कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राम नरेश गुलेरिया ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। किसानों को संबोधित करते हुए गुलेरिया ने कहा कि विभागीय योजनाओं से किसान अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने किसानों को फसल विविधीकरण, सतत खेती और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में उपस्थित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत बीजों के चयन, उत्पादन वृद्धि के उपाय, कीट एवं रोग नियंत्रण, तथा मृदा संरक्षण तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य तथा भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं और अनुदानों से किसानों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। (एजेंसी)

### हाईवे पर गड्ढे होने से यात्री परेशान, जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर-पौड़ी-सतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह गड्ढे पड़े होने से वाहनों के हिचकोले खाने के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान हाईवे पर पड़े गड्ढों में जल भराव होने पर दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सड़क पर बन चुके गड्ढे की मरम्मत कराए जाने को लेकर गंभीर नहीं है। फल स्वरूप सड़क के बीचों-बीच बना गड्ढा कभी भी दुर्घटना का सबब बन सकता है। हालांकि श्रीनगर से सतपुली हाईवे को गड्ढा मुक्त किए जाने को लेकर टेंडर प्रक्रिया पुरी हो चुकी है, बावजूद भी कार्य शुरू नहीं करवाया गया है। इधर, राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मो. तहसीन ने बताया कि बरसात होने के कारण श्रीनगर-पौड़ी-सतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग को गड्ढा मुक्त किए जाने का कार्य रोका गया है। बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग को गड्ढा मुक्त किए जाने को लेकर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है। बताया कि 8.5 करोड़ रूपये की लागत से श्रीनगर-पौड़ी-सतपुली राष्ट्रीय राजमार्ग को गड्ढा मुक्त किया जायेगा, जिसका कार्य एक दो दिनों के भीतर शुरू होगा। (एजेंसी)

### विधायक ने कनोठ-गैरोली मोटर मार्ग का किया शिलान्यास

चमोली : विधायक अनिल नौटियाल ने शनिवार को तीन किलोमीटर कनोठ-गैरोली मोटर मार्ग का शिलान्यास किया। गैरोली के लोग एक दशक से इस मोटर मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे थे और इसी वर्ष मार्च माह में मोटर मार्ग की वित्तीय स्वीकृति मिली थी। विधायक ने कहा कि लोक निर्माण विभाग गौचर को जल्द सड़क का काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने इस सड़क को सिमली-शैलेश्वर मोटर मार्ग से मिलाने की घोषणा की। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाएं जुटाई जा रही है। इस मौके पर समीर मिश्रा, विनोद नेगी, ज्योति कैलखुरा, गोवर्धन कैलखुरा, दुलब सिंह, गायत्री देवी, प्रेमबल्लभ गैरोला, अवतार, सुरेंद्र, सुजान, विनोद, विपिन आदि थे।

### मारपीट के आरोपी पांच युवकों को कोतवाली ज्योतिर्मठ पुलिस ने किया गिरफ्तार

चमोली। नगर के ज्योति विद्यालय के पास होटल की पार्किंग में बिना अनुमति के वाहन खड़ा करने व पार्किंग का गेट तोड़कर अपने वाहन को बाहर निकालने पर होटल मालिक के साथ कहासुनी और विवाद होने पर होटल मालिक व उसके पुत्र के साथ मारपीट और गाली–गलौच की गई थी। आरोप है कि मारपीट में होटल संचालक टीका प्रसाद व बेटे गौरव नंबूरी के सिर में चोटें आईं थीं। कोतवाल देवेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस द्वारा मारपीट में शामिल आरोपी गुरविन्दर सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी ग्राम तकीपुर थाना मुलानपुर जिला मोहाली पंजाब, करन वीर सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी भाकरपुर डेराबसी थाना डेराबसी जिला मोहाली पंजाब, प्रभजोत सिंह पुत्र हरनेक सिंह निवासी ग्राम तकीपुर थाना मुलानपुर जिला मोहाली पंजाब, अमरित पाल सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी एआरओ विस्टा सोसाइटी थाना सेक्टर 70 जिला मोहाली पंजाब व अर्श सैनी पुत्र अनिल सैनी निवासी देवीनगर थाना डेराबसी जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है।

# खैरालिंग कौथिग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### मेधावी छात्रों सहित अभिषेक पटवाल, राजेन्द्र, विनोद, महिपाल को किया सम्मानित

**जगमोहन डांगी।**





: खैरालिंग कौथिग में मंदिर में दर्शन के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु।

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक की असवालस्यूं पटटी के मुंडनेश्वर में दो दिवसीय प्रसिद्ध खैरालिंग कौथिग शनिवार को शांति पूर्वक संपंन हो गया। मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही विगत वर्षों की भांति भारी संख्या में प्रवासी ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। मेले में विकासखंड कल्जीखाल क्षेत्र के स्कूलों में इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही फल्दा गांव निवासी अभिषेक पटवाल को नशा मुक्त समाज को लेकर दिल्ली से केदारनाथ और वापस दिल्ली तक पैदल यात्रा करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मंदिर को पुष्प से सजाने वाले राजेंद्र सिंह रावत, विनोद सिंह नेगी, महिपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया है।

शनिवार को मुंडनेश्वर मंदिर में आयोजित खैरालिंग कौथिग में मंदिर समिति ने भजन सांध्य का आयोजन किया, जिसमें इस बार स्थानीय उभरते हुए चर्चित युवा कलाकारों को अवसर दिया। जिन्होंने एक से एक सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां देकर मेले में आए श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं पर ग्रुप में झुंड के झुंड थिरकते नजर आए यहां तक की समिति को व्यवस्था बनाने में भारी मेहनत करनी पड़ी। नयायरघाटी म्यूजिकल ग्रुप सांस्कृतिक टीम में मुख्य लोकगायक मनीष पंवार, सुरजीत पंवार, दीपक चौहान, रेन डोभाल, आदर्श कुमार, अजय दिनकर ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी।

संगीत दीपक चौहान, विजेंद्र रावत, संतोष मंद्रवाल ने दिया। मेले में मुख्य वक्ता गणेश खुगशाल गणी ने मेले के इतिहास को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नई पीढ़ी से इन मेलों को शांति पूर्वक सम्पन्न करने की अपील की। उन्होंने मंदिर समिति को व्यवस्थाओं को लेकर कई सुझाव दिए। इससे पूर्व बीते शुक्रवार को थैर और भेटी गांव से मंदिर में ध्वजा व निसाण चढ़ाए गए। इस मौके पर कांग्रेस नेता राजपाल बिष्ट, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल मिंटू, क्षेत्र पंचायत सदस्य सविता राणा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नीलम डबराल, योग्मबर सिंह नेगी डब्बू, मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल नेगी, सचिव विवेक नेगी, कोषाध्यक्ष नरेश उनियाल, संरक्षक त्रिभुवन उनियाल, उपाध्यक्ष जसपाल नेगी, दिनेश असवाल, दिनेश चंदोला, पुजारी विनोद भारद्वाज, मुकेश भारद्वाज आदि मौजूद थे। मंच संचालन त्रिभवन उनियाल ने किया।

### धूल मिट्टी से श्रद्धालुओं की बिगड़ी सूरत

विकासखंड कल्जीखाल पट्टी असवालस्यूं स्थित प्रसिद्ध खैरालिंग मेला में नवीनकरण हो रही सड़क की धूल और मिट्टी से श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कल्जीखाल बाजार से भेटी तक इन दिनों सड़क डामरीकरण का कार्य चल रहा है, सड़क पर अभी कच्ची सोलिंग हो रखी है। सड़क से धूल मिट्टी उड़ने के कारण मुंडेश्वर खैरालिंग मेला आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी उठानी पड़ी। श्रद्धालुओं के कपड़े और चेहरा धूल मिट्टी से सफेद हो गया।

## भजन गायक अमित सुयाल के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### द्वारीखाल ब्लॉक के ग्राम सौड़ में पूजन, जागरण, हवन और भंडारे के साथ महोत्सव सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**



हवन कुंड में आहुति डालते हुए श्रद्धालु।

कोटद्वार : द्वारीखाल ब्लॉक में ग्राम सौड़ के युवाओं की ओर प्रवासी लोगों के मिलन समारोह और सांस्कृतिक संरक्षण पर आधारित ग्राम महोत्सव देवपूजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रात्रि जागरण और विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हो गया। शुक्रवार रात्रि को आयोजित जागरण में भजन गायक अमित सुयाल ने जय हो माता दुर्गा भवानी..., शिव शंकर भोले नाथ..., धवाड़ी लगान्दू...., नारायणी दुर्गा भवानी..., पांडो खेला पासो..., नव दुर्गा स्तुति... आदि मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को समापन समारोह का उद्घाटन युवा शक्ति सौड़ समिति के अध्यक्ष संग्राम सिंह भंडारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ग्राम के युवाओं द्वारा महोत्सव में पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का उद्देश्य गांव की खुशहाली के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। आयोजक गौरव सुयाल ने बताया कि पिछले ग्यारह सालों से युवाओं द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान समस्त ग्रामवासी तीन दिनों तक मंदिर परिसर में रहते हैं, जिस दौरान सभी श्रद्धालु भजन कीर्तन में प्रतिभाग करते हैं। शनिवार को कथावाचक पंडित मदन मोहन सुयाल ने सभी श्रद्धालुओं को अपने पाल्यों को संस्कारवान और अनुशासित बनाने की अपील की।

इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति डालकर समस्त क्षेत्र और निवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सच्चिदानंद सुयाल, दीपक सुयाल, संदीप सुयाल, चंद्रबल्लभ, आकाश सुयाल, गोविंद, प्रशांत भंडारी, विकास सुयाल, मोहन लाल सुयाल, बुद्धि बल्लभ, राजेश, हर्ष मोहन भंडारी, गणेश प्रसाद, आशीष सुयाल, हिमांशु, वीरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### सड़क डामरीकरण का कार्य चार दिन से ठप

चमोली : दो करोड़ साठ लाख की लागत से कारगिल शहीद रणजीत सिंह बिष्ट आगरचटटी-जिनगोड़-बोखनारा मोटर मार्ग पर गत चार दिनों से सड़क डामरीकरण एवं मरम्मत का कार्य बंद पड़ा है। सड़क नहीं बनने की वजह से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण सड़क के डामरीकरण की गुणवत्ता को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उठा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य कोठा वार्ड बलवीर रावत ने बताया कि सड़क पर पिछले चार दिनों से डामरीकरण एवं मरम्मत कार्य बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने बारिश का सीजन शुरू होने से पहले डामरीकरण का काम खत्म करने की मांग की है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता जगदीश प्रसाद थपलियाल का कहना है कि ईद का त्योहार होने के कारण मजदूर घर चले गये हैं। बताया कि करीब एक हफ्ते बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा। (एजेंसी)

## ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

चमोली : डिम्मर-टटासू-सिमली मोटर मार्ग पर हो रहे डामरीकरण को लेकर को डिम्मर के लोगों ने शनिवार को पीएमजीएसवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। गुस्साए ग्रामीणों ने नारेबाजी कर कहा कि डामरीकरण का काम गुणवत्तापूर्ण ढंग से नहीं किया जा रहा है। बिछाने के बाद ही सड़क का डामर कई जगहों पर उखड़ गया है। अगर कार्य ठीक से नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। नाराज ग्रामीणों ने कहा कि इन दिनों प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के अंतर्गत डिम्मर गांव से टटासु सिमली तक पांच किलोमीटर सड़क में करीब छः करोड़ रुपये की लागत से डामरीकरण का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि डामरीकरण का कार्य घटिया ढंग हो रहा है। मानकों के अनुसार डामरीकरण नहीं किया जा रहा है तथा कार्य की गुणवता निम्न स्तर की होने से सड़क पर बिछाया गया डामर उखड़ रहा है। सड़क किनारे नाली का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया और चौड़ीकरण व सड़क कटिंग का कार्य भी अधर में लटका है। ग्रामीणों ने कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व जिपं सदस्य सुरेश डिमरी, हर्षवर्धन डिमरी, गणेश खंडूड़ी, सुशील खंडूड़ी, टीका डिमरी, नरेश खंडूड़ी, सुशील खंडूड़ी, संदीप डिमरी, किशनचंद्र डिमरी, भगवती डिमरी, शरदचंद्र डिमरी, महेश डिमरी, शोभित डिमरी, विनय डिमरी, अनूप डिमरी आदि थे। वहीं, पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता सचिन कुमार ने कहा कि डिम्मर-सिमली मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य मानकों के अनुसार ही किये जा रहे हैं।

## कार से 1.92 लाख रुपये का गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार



अल्मोड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत अल्मोड़ा पुलिस को एक और सफलता मिली है। सल्ट पुलिस ने शनिवार तड़के एक इंडिगो कार से तस्करी कर ले जाया जा रहा करीब 1.92 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शनिवार सुबह मरचूला चेक पोस्ट पर पुलिस टीम ने रामनगर की ओर जा रही इंडिगो कार संख्या यूके 01–ए–5977 को रोककर तलाशी ली। कार चालक ने पहले पुलिस को घरेलू सामान होने की बात कहकर गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन संदेह होने पर जब टीम ने प्लास्टिक के कट्टों की जांच की तो उनमें 7.675 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनिल कुमार (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम भैचिलिम (झाले), पोस्ट तकुलसारी, थाना थलीसैंण, जिला पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह यह गांजा थलीसैंण से रामनगर ले जा रहा था। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 1,91,875 रुपये आंकी गई है।

### हिंदू रक्षा दल कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

देहरादून(आरएनएस)। हिंदू रक्षा दल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रोहित नेगी और दलवीर थापा हत्याकांड के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने हत्या के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। शनिवार को दल से जुड़े कार्यकर्ता राजा रोड स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां से प्रदर्शन करते हुए पटलन बाजार जा रहे थे, लेकिन इससे पहले पुलिस ने कार्यालय के बाहर बैरकेडिंग लगा दिया था।

पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को जाने नहीं दिया। जिस पर आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर ही प्रदर्शन किया। कहा कि दस दिन के भीतर दून में दो हत्याकांड हुए हैं, जो चिंतानीय है। हत्या करने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी

अल्मोड़ा। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा द्वारा निदेश-क डॉ. लक्ष्मीकांत के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत अल्मोड़ा और चमोली जिलों में किसानों को उन्नत खेती की दिशा में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अभियान के नवें दिन वैज्ञानिकों की तीन टीमों ने विकासखंड हवालबाग, ताड़ीखेत और भिकियासैंण के 21 गांवों का दौरा कर 421 किसानों से सीधा संवाद किया। इस दौरान खरीफ फसलों जैसे मिर्च, मंडुवा, कुल्थ, अदरक और हल्दी की उन्नत खेती से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा कुरमुला रोग की रोकथाम पर भी किसानों को प्रशिक्षित किया गया। डॉ. महेंद्र भिंडा ने पंक्तिबद्ध बुवाई की विधि को बेहतर बताते हुए इसके लाभों को रेखांकित किया। पाली गांव के किसानों ने जल संकट, सफेद गुबरैला, बंदर और जंगली सूअरों से फसलों को होने वाले नुकसान की समस्याएं वैज्ञानिकों के समक्ष रखीं और प्रभावी बाड़बंदी की मांग की। जोग्याड़ी गांव की महिला किसान लीला देवी ने विपणन से जुड़ी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनके गांव में इसके समाधान की अपील की। उन्होंने मिर्च में लगने वाले कीड़ों को लेकर भी चिंता जताई, जिस पर डॉ. कृष्ण कांत मिश्रा ने पॉलीहाउस में सफेद मक्खी और मिर्च में कटवर्म से बचाव के उपाय बताए। किसानों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यदि उन्हें समय पर उन्नत बीज, नवीनतम खेती तकनीक और मार्गदर्शन मिले, तो वे अपनी आजीविका को अधिक सशक्त बना सकते हैं। अभियान के दौरान कृषकों ने कहा कि यदि उन्हें अच्छे बीजों की उपलब्धता, उन्नत खेती तकनीकों की जानकारी तथा समुचित मार्गदर्शन सही समय पर प्राप्त हो, तो उनकी आजीविका सशक्त होगी।

### बैंक कर्मचारी बन दून के युवक से ठगे 3.76 लाख

देहरादून। देहरादून निवासी एक युवक से साइबर ठग ने बैंक कर्मचारी बनकर 3.76 लाख रुपये हड़प लिए। युवक ने गलती यह की कि उसने फोन पर अपनी सारी व्यक्तिगत जानकारी आरोपी को बता दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, योगेश कुमार निवासी सहस्त्रधारा ने राजपुर थाने में तहरीर दी कि उन्हें 28 मई को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को पीएनबी बैंक का कर्मचारी बताया।

## तस्करों के पास बंदूक, वनकर्मी लाठी के सहारे

हल्द्वानी। मोहन भट्ट उत्तराखंड के जंगलों में बंदूकों के साथ तस्करी करने वाले जहां वन विभाग के लिए आए दिन चुनौती बन रहे हैं वहीं उन्हें रोकने के लिए विभाग के कर्मचारियों को लाठियां थमाई जा रही हैं। हल्द्वानी स्थित वानिकी प्रशिक्षण केन्द्र (एफटीआई) में वन कर्मियों को बकायादा लाठी चलाने की ट्रेनिंग दी गई है। केरल से बुलाए गए प्रशिक्षकों ने चार दिन लगातार रेंजर्स और फॉरेस्ट गार्ड को लाठियां चलाने का प्रशिक्षण दिया है। उत्तराखंड के 71 प्रतिशत हिस्से की सुरक्षा का जिम्मा जिस वन विभाग के पास है उसके पास अपने कर्मचारियों को असलहा चलाने की ट्रेनिंग देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। एफटीआई में देशभर के साथ उत्तराखंड के रेंजर, फॉरेस्टर व फॉरेस्ट गार्ड को ट्रेनिंग दी जाती है। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें कई विधाएं सिखायी जाती हैं, इनमें सबसे प्रमुख खुद को सुरक्षित करते हुए वन व वन्यीजीवों की सुरक्षा करना है। इसके लिए वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में आधुनिक असलहे उपलब्ध कराने के साथ उन्हें चलाने की ट्रेनिंग भी दी जानी चाहिए। वहीं उत्तराखंड में विभाग के पास थोड़ा बहुत असलहा तो हैं लेकिन इन्हें चलाने की ट्रेनिंग देने की कोई व्यवस्था नहीं है। ट्रेनिंग के लिए पूर्व में एफटीआई प्रबंधन ने पुलिस और सेना को पत्र लिखा, जिसका जवाब ना में मिला है। ऐसी स्थिति में अधिकारियों ने लाठियों का प्रशिक्षण देने की शुरुआत की है। इस बार केरल से दो कलारीपयट्टू प्रशिक्षक बुलाए गए, जिन्होंने प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग दी है। केरल की प्राचीन युद्धकला है कलारीपयट्टू कलारीपयट्टू केरल की प्राचीन युद्ध कला है। जानकारों का कहना है कि कलारीपयट्टू दुनिया की सबसे पुरानी मार्शल आर्ट में से एक है। इसमें लोग तलवार, लाठी, खंजर, भाला और ढाल आदि का उपयोग करना सीखते हैं। अलग राज्य बनने के बाद नहीं आए गोली और असलहे अलग राज्य बनने के बाद गोली और नए असलहे नहीं आए हैं। इसका कारण बजट का संकट बताया जाता है। आईएफएस ही अपने स्तर से फॉरेस्ट गार्ड और रेंजर को सिखाते हैं। आईएफएस को प्रशिक्षण के दौरान ही आईएमए देहरादून में प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य बनने से पहले कानपुर एफटीआई में प्रशिक्षण होता था। अनुभव से सीखते हैं बंदूक चलाना वन विभाग में कुछ रेंज में 315 बोर, 12 बोर आदि के असलहे हैं, लेकिन उन्हें चलाने का प्रशिक्षण नहीं मिला है। एक फॉरेस्ट गार्ड ने बताया कि पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके वरिष्ठ अधिकारियों से कभी मौका लगने पर जानकारी हासिल करते हैं। हालांकि ऐसा मौका कम ही मिलता है। सुरक्षा के लिहाज से कुछ वन कर्मियों ने लाइसेंसी हथियार अपने पास रखे हैं। विभाग के पास रेंजर, फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड को असलहे चलाने की प्रशिक्षण देने की व्यवस्था नहीं है। इसके पुलिस और सेना को पत्र लिखा गया था लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते वहां भी प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं हो पाई।

## अमन के लिए ईद—उल—अजहा की नमाज अदा की



रुड़की। नगर में शनिवार को ईद–उल–अजहा का त्योहार अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख ईदगाह सहित अनेक मस्जिदों में ईद–उल–अजहा की नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की, अमन–सलामती और आपसी प्रेम व सौहार्द की दुआ की गई। शनिवार को रुड़की की ईदगाह में मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने ईद–उल–अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज से पहले मौलाना अजहर उल हक ने ईद–उल–अजहा के मौके पर कुर्बानी के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि इस्लामी तारीख के मुताबिक ईद–उल–अजहा पर अपनी प्यारी चीज को कुर्बान करना अल्लाह का हुक्म, इब्राहिम अलैहिस्सलाम और आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्ल की सुन्नत है, जिसके लिए इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म को पूरा करते हुए अपने प्यारे बेटे की कुर्बानी करने को तैयार हो गए।

## यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं नौ जून से

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की विभिन्न इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, विधि पाठ्यक्रम की सेमेस्टर और डीफार्मा की वार्षिक परीक्षाएं नौ जून से होंगी।

इसके लए राज्य में 51 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार का इस संबंध में सेंटर सुपरिंटेंडेंट, संस्थान निदेशकों और विश्वविद्यालय की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ कुलपति डा. ओंकार सिंह ने तैयारी की आनलाइन बैठक ली। ऑनलाइन बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी केंद्र सुपरिंटेंडेंट पर्यवेक्षकों और निदेशकों से विवि की परीक्षाओं की सुचिता को बनाए रखते हुए पारदर्शी तरीके से नकल विहीन परीक्षाएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं कुमाऊँ रीजन, देहरादून रीजन और रुड़की रीजन में बनाए गए 51 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। प्रत्येक जोन में तीन सदस्यों वाली एक–एक फ्लाइंग स्क्वॉड( उड़न दस्ता) टीम गठित की गई है।

कुलपति ने सभी को सजग रहने और गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रश्न पत्रों को पासवर्ड सहित ऑनलाइन प्रेषण की विगत की व्यवस्था को यथावत रखा गया है। विश्वविद्यालय परीक्षाओं के संपूर्ण विवरण जैसे उत्तर पुस्तिकाओं, कक्ष निरीक्षकों, केंद्र अध्यक्ष आदि को परीक्षा अवधि में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। सुबह साढे नौ से साढ़े बारह बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षाएं दोपहर डेढ़ बजे से साढ़े चार बजे तक आयोजित होंगे।

### कीट नियंत्रण को लेकर किया जागरुक

देहरादून। वर्ल्ड पेस्ट डे के अवसर पर एग्रीटेक पेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज व श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय की ओर से कीट नियंत्रण को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों और छात्रों को चूहे, कॉकरोच, दीमक और चींटियों जैसे आम कीटों से सुरक्षित व प्रभावी तरीके से निपटने की जानकारी देना था। विशेषज्ञ सूरज मेहरोत्रा ने बताया कि कीटों की समस्या का प्रमुख कारण घरों की संरचनात्मक कमियाँ और सफाई की अनदेखी है। यदि इन पहलुओं को सुधारा जाए, तो कीट नियंत्रण को काफी हद तक संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने सलाह दी कि केवल लाइसेंस प्राप्त पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर से ही सेवाएं लें और घरेलू उपयोग में कृषि कीटनाशकों के प्रयोग से बचें।

## आग की घटना पर अब पीआरडी जवान भी काबू पाएंगे

हल्द्वानी। आग की घटनाओं से निपटने में अब पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) भी अहम भूमिका निभाएगा। हल्द्वानी फायर स्टेशन में पीआरडी के जवानों को फायर फायटर्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आपातकाल में दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग की घटना को काबू में पा सकें।

फायर स्टेशन हल्द्वानी में दो दिवसीय प्रशिक्षण में महिला एवं पुरुष पीआरडी जवानों को अग्निशमन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आग की घटनाओं को काबू करने के तौर तरीके बताए। इस कार्यक्रम में 20 से 25 महिला एवं पुरुष जवानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में पूरी दक्षता के साथ घटना की रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई करना रहा। आग चाहे जंगल में लगी हो या रिहायशी इलाकों में दोनों ही परिस्थितियों में अब पीआरडी जवान दमकल कर्मियों के साथ मिलकर राहत बचाव कार्यों में हाथ बटाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को आग बुझाने के तकनीकी ज्ञान के साथ–साथ प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन संचार प्रणाली और संकट प्रबंधन के तरीकों से भी अवगत कराया गया। ताकि मुसीबत के समय हर जवान पूरी तरह तैयार हो और वह कुशलता से अपनी जिम्मेदारी निभा सके।

वीआईपी ड्यूटी और यातायात का पहले ही दबाव पीआरडी जवान मानदेय आधारित हैं। उन्हें दिन के हिसाब से महीने का वेतन मिलता है। पीआरडी जवान पर विभागीय दफ्तरों के साथ ही वीआईपी ड्यूटी, यातायात जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पहले से ही है। अब फायर फायटर्स की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने के बाद उन पर काम का अधिक दबाव होगा। हालांकि इच्छानुसार जवान यह प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस बार अब तक 120 हेक्टेयर जले जंगल आंकड़ों की बात करें तो इस बार जंगलों में आग की घटनाएं कम हुई हैं। इस फायर सीजन अब तक 120 हेक्टेयर के आसपास जंगल जले हैं। जबकि आबादी के बीच घरों या प्रतिष्ठानों में आग की 10 घटनाएं हुईं। हालांकि इन घटनाओं में कोई भी हताहत नहीं हुआ। इधर, दमकल का हाईप्रेशर मिनी वाहन भी बीते दिनों हल्द्वानी से केदारनाथ भेजा गया है।

पीआरडी जवानों को आपातकाल की परिस्थतियों के लिए दक्ष किया जा रहा है। ताकि आग की घटना के दौरान दमकल विभाग को आपात मदद मिल सके। दो दिवसीय प्रशिक्षण में कई बिदुंओं पर प्रशिक्षण दिया गया है। –मिंदर पाल सिंह, एफएसओ, हल्द्वानी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com